25 YEARS Protecting Lives, Securing Future | SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

Date	05.12.2025
Publication	Navbharat - Kankher
Headline	SBI Life 'Thanks-a-Dot' now reaches Kanker: A new beginning for open conversations on breast health in Chhattisgarh
Page No	01
Circulation	1,08,221

800 ग्रामीण महिलाओं को लाइफ़ किट का किया गया वितरण

नवभारत । कांकेर

महिलाओं में ब्रेस्ट हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान के महत्व को समझाने के लिए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी पहल थैंक्स-अ-डॉट के तहत प्रदान एनजीओ के साथ मिलकर कांकेर में जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सरल तरीके से सेल्फ-ब्रेस्ट एग्ज़ाम सिखाना और ऐसे शुरुआती संकेतों के बारे में बताना है, जिनसे ब्रेस्ट कैंसर को समय रहते पहचाना जा सके। व्यवहार में बदलाव लाने की इस पहल के तहत, थैंक्स-ए-डॉट 'हग ऑफ लाइफ़' हॉट

वॉटर बैग महिलाओं को दिया गया। यह एक ऐसा उपकरण है, जो महिलाओं को स्पर्श के ज़रिए किसी भी असामान्य गांठ को पहचानने की आदत विकसित करने में मदद करता है। यह हॉट वॉटर बैग कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और रविंद्र शर्मा चीफ़ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने वितरित किया। इनके साथ मनोज कुमार स्टेट लीड प्रदान, हरेश मंडावी सीईओ ज़िला पंचायत, डॉ. आरसी ठाकुर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. भावना सिरोही सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और मेडिकल डायरेक्टर, बाल्को मेडिकल सेंटर नया रायपुर समेत कई अतिथि मौजूद रहे।